# शहर की सड़कों पर जल्द दौड़ेंगी 100 नई ई-बसें

अच्छी खबर

लखनऊ, वसं। राजधानी में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए नगरीय परिवहन निदेशालय इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े को बढ़ाने में जुटा है। सार्वजनिक वाहनों में सफर करने वालों के लिए शहर में 100 नई इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी। सिटी ट्रांसपोर्ट एमडी ने नगरीय परिवहन निदेशालय को प्रस्ताव भेजा था, जिसे शासन को भेजा गया है। इससे रोजाना 25 हजार यात्रियों का सफर आसान होगा।

100 इलेक्ट्रिक बसों का प्रस्ताव भेजा गया है। शासन से मंजूरी मिलते ही बसें खरीदी जाएंगी। अब सीएनजी बसें नहीं खरीदी जाएंगी।

जयदीप वर्मा, संयुक्त निदेशक
नगरीय परिवहन निदेशालय

शहर में 107 सीएनजी और 140 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। अधिकतर सीएनजी बसें अब अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं। 8-10 इलेक्ट्रिक बसें भी खराब हैं। प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिलते ही बसें खरीदी जाएंगी।